हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

13 शिक्षा व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम : डीपी वत्स...



14 सीवरेज ओवरफ्लो व गंदे पेयजल सप्लाई से लोगों का फूटा गुस्सा...



## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से बच्ची के अपहरण का प्रयास

**फतेहाबाद।** शहर के अशोक नगर में कुछ महिलाओं द्वारा एक छह साल की बच्ची के अपहरण का प्रयास करने का मामला सामने आया है। बच्ची के शोर मचाने पर महिलाएं उसे वहीं छोडक़र फरार हो गए। बाद में बच्ची ने इस बारे परिजनों को बताया, जिसके बाद परिजनों ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। बच्ची के अपहरण के प्रयास की सूचना मिलते ही अशोक नगरवासियों में भी रोष फैल गया और रविवार देर रात को मौहल्लावासियों ने इकट्ठा होकर रोष जताया और आरोपी महिलाओं को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

### झगड़ा करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी में हुए झगड़े और मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत पुलिस चौकी बड़ोपल की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरिक्षक प्रहलाद ने बताया कि शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी खाराखेड़ी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 28 जनवरी को जब वह गांव के बाबा रामदेव मंदिर में मेले में गया था, तब पुरानी रंजिश के चलते कुछ व्यक्तियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

### अफीम तस्करी में गिरोह के तीसरे सदस्य को पकड़ा

**फतेहाबाद।** अफीम तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने गिरोह के तीसरे सदस्य को काबू किया है। आरोपी की पहचान प्रहलाद दरोगा पुत्र नोरथ दरोगा निवासी डूडिया खेड़ा, राजस्थान के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व अपराध रोकथाम के उद्देश्य से बस स्टैंड भोडा होशनाक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अजय उर्फ बारू पुत्र कृष्ण कुमार अफीम बेचने की फिराक में जलघर ढाणी गोपाल के पास खड़ा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** जिले के गांव मटदादू के पास सडक़ हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां सोमवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। गांव मटदादू निवासी सोहन लाल रविवार देर शाम को डबवाली से अपने रत्तखेड़ा जा रहा था। रास्ते में डबवाली-गोरीवाला रोड पर गांव मटदादू के पास सोहन लाल की मोटरसाइकिल को फिटर रेहड़े ने टक्कर मार दी। हादसे में सोहन लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

## फतेहाबाद में पंचायत समितियों में उठा-पटक जारी, सियासी हलचल तेज

# अनु सरबटा बनी भट्टू अध्यक्ष तो रतिया में सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

*नई अध्यक्ष को 21 में से 17 सदस्यों का समर्थन, ढोल-नगाड़ों संग हुआ स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/भट्टूकलां

जिले की पंचायत समितियों में उठा-पटक थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को जहां भट्टू पंचायत समिति अध्यक्ष का चुनाव किया गया वहीं दूसरी ओर रतिया पंचायत समिति सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ बगावत का बिगुल बजा दिया है। भट्टू पंचायत समिति में सवा साल बाद फिर से दुड़ाराम समर्थक सदस्य अध्यक्ष बन गई है। वार्ड नंबर पांच की सदस्य अनु सरबटा को अध्यक्ष की कुर्सी मिल गई है। 21 सदस्यों में से 17 सदस्यों ने अनु का समर्थन किया है। नई अध्यक्ष के चुनाव के बाद सदस्यों ने पूर्व विधायक दुड़ाराम के साथ खुशी मनाई। इस मौके पर बंसीलाल भीगासरा के प्रतिष्ठान पर पहुंची अनु सरबटा का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। बंसीलाल भीगासरा ने सभी पंचायत समिति सदस्यों का आभार जताया और कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। बता दें कि 22 जनवरी को भट्टू पंचायत समिति की अध्यक्ष ज्योति लूणा को कुर्सी से हटा दिया गया था, उस दिन 21 में से 18 सदस्यों ने ज्योति लूणा के खिलाफ वोटिंग की थी। नई अध्यक्ष के चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग की ओर से 9 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया था। सोमवार को भट्टू पंचायत समिति कार्यालय में इसको लेकर चुनाव मीटिंग हुई। मीटिंग में 21 में से 17 सदस्यों ने अनु सरबटा को अपना समर्थन दिया। इसी के साथ साल 2027 के शेष बचे कार्यकाल के लिए अनु सरबटा कुर्सी संभालेगी।

**2027 तक अनु सरबटा के हाथों में रहेगी पंचायत समिति की बागडोर**



फतेहाबाद। भट्टू पंचायत समिति अध्यक्ष बने अनु सरबटा को बधाई देते पूर्व विधायक।

### क्या कहते हैं पूर्व विधायक

भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने नई अध्यक्ष के तौर पर अनु सरबटा के चयन पर कहा कि तीन साल पहले जब चुनाव हुए थे, उस समय तय हुआ था कि ढाई-ढाई साल के लिए ज्योति लूणा और अनु सरबटा अध्यक्ष रहेंगी, मगर वह उस बात पर खरे नहीं उतरे। जिस भाजपा पार्टी ने उन्हें बनाया, उसे ही छोडक़र चले गए। उन्हें पूरी उम्मीद है कि नई अध्यक्ष सभी सदस्यों के साथ मिलकर अब भट्टू ब्लॉक में रूके हुए विकास कार्य तेजी से करवाएंगी। प्रदेश सरकार द्वारा पहले भी खूब बजट दिया गया है। भविष्य में और भी कोई कमी नहीं रहने देंगे।



भट्टूकलां। पंचायत समिति अध्यक्ष बने अनु सरबटा को बधाई देते सदस्य बंसीलाल भीगासरा। *फोटो: हरिभूमि*

### क्यों हुआ चेयरपर्सन की कुर्सी पर फेरबदल

दरअसल, ज्योति लूणा को साल 2022 में तत्कालीन बीजेपी विधायक दुड़ाराम ने ही अध्यक्ष बनाया था। धीरे-धीरे दोनों के बीच खटास आ गई। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ज्योति लूणा के परिवार ने दुड़ाराम से बगावत कर दी। वह खुले तौर पर कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया के समर्थन में उतर गए। इससे भट्टू क्षेत्र में दुड़ाराम का ग्राफ घट गया, यही कारण रहा कि विधानसभा चुनाव में दुड़ाराम को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद से दुड़ाराम ने ज्योति लूणा को कुर्सी से हटाने की कोशिशें तेज कर दी थी। अब दुड़ाराम ने कांग्रेस समर्थक अध्यक्ष को हटाकर विस चुनाव की हार का एक तरह से बदला ले लिया।

हालांकि, साल 2024 में भी ज्योति लूणा की कुर्सी गिराने के प्रयास हुए थे, मगर उस समय ज्योति अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो गई थी। 31 दिसंबर 2024 को अविश्वास प्रस्ताव पर हुई मीटिंग के दौरान सिर्फ ज्योति अकेली ही पहुंची थी। इस कारण उस दौरान उनके खिलाफ बहुमत साबित नहीं हो पाया था।

## रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ 17 सदस्यों ने की बगावत

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

भट्टू के बाद रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष पद से भी कांग्रेस समर्थक केवल कृष्ण मेहता को हटाने के प्रयास तेज हो गए हैं। सोमवार को रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष केवल कृष्ण मेहता के खिलाफ 22 में से 17 सदस्यों ने बगावत करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग बुलाने की मांग की है। इन सदस्यों ने सोमवार को डीसी डॉ. विवेक भारती से मुलाकात की। बता दें कि, भट्टू पंचायत समिति की अध्यक्ष ज्योति लूणा और रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष केवल कृष्ण मेहता अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में चले गए थे। इनमें से ज्योति की कुर्सी जा चुकी है। अब केवल कृष्ण मेहता के खिलाफ भी सदस्य एकजुट हो गए हैं। रतिया अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास जताने वालों में सदस्यों में सिमरनजीत कौर, पालो कौर, अशोक कुमार, सुनील कुमार, जसवीर कौर, राजिंद्र कौर, सुमनप्रीत कौर, ऊषा देवी, जयबीर सिंह, बग्गा सिंह, अमन आदि 17 सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों ने कहा कि पंचायत समिति अध्यक्ष अपने कर्तव्यों की पालना सही नहीं कर रहा है।



रतिया पंचायत समिति अध्यक्ष केवलकृष्ण मेहता।

### नापा की टिकट कटने पर बदला था पाला

अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने रतिया से तत्कालीन बीजेपी विधायक लक्ष्मण नापा की टिकट काटकर सुनीता दुग्गल को उम्मीदवार बना दिया था। इससे नाराज होकर लक्ष्मण नापा कांग्रेस में चले गए। उनके साथ ही केवल कृष्ण मेहता व कुछ सरपंच भी चले गए थे। चुनाव में सुनीता दुग्गल कांग्रेस उम्मीदवार जरनैल सिंह से 21 हजार 442 वोटों से हार गई थी। हालांकि, प्रदेश में सरकार बीजेपी की बन गई। इसके बाद से ही केवल कृष्ण मेहता को कुर्सी से हटाने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे।

## मनरेगा को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

मनरेगा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस की जिला प्रधान संतोष बैनीवाल ने कहा कि मनरेगा संग्राम को लेकर देशभर में पार्टी की ओर से संघर्ष किया जा रहा है। सरकार ने झूठी जुमलेबाजी कर मनरेगा का नाम बदलकर 125 दिन का काम देने का वादा किया, लेकिन काम की कोई गारंटी नहीं दे रहे। अगर काम की गारंटी ही नहीं तो फिर योजना का क्या फायदा।




सिरसा। मनरेगा को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

### पेंशन बुजुर्गों का सम्मान

बुजुर्गों की पेंशन कटने संबंधी सवाल के जवाब में जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार लोगों को बरगलाकर तरह-तरह की कुनीतियां बनाकर परेशान कर रही है। पेंशन बुजुर्गों का सम्मान है, न कि कोई पगार है। बेमानी शर्तें लगाकर सरकार बुजुर्गों का अपमान कर रही है, जोकि आने वाले समय में सरकार को भारी पडऩे वाला है।

## बिजली कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

- ऑनलाइन तबादला नीति औश्र कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

ऑन लाईन तबादला नीति, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, निगम मैनेजमेंट के कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में विद्युत सदन हिसार पर मुख्य अभियंता कार्यालय के समक्ष राज्य कमेटी के नेता सांकेतिक भूख हड़ताल की। हिसार जोन स्तर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने मुख्य अभियंता संचालन के कार्यालय के समक्ष सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल पर सांकेतिक भूख हड़ताल का आयोजन किया। सांकेतिक भूख हड़ताल को संबोधित करते हुए राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा व राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि हरियाणा सरकार बिजली निगम में ऑनलाइन तबादला नीति जबरदस्ती लागू करने जा रही है, जो ना कर्मचारियों के हित में है, ना उपभोक्ता के हित में है। इस नीति के लागू होने से तकनीकी कर्मचारी रोजाना दुर्घटनाग्रस्त होंगे, जिसे जान माल का बड़ा नुकसान होगा। इसके अलावा निगम में कच्चे कर्मचारियों को पक्के करने के लिए कोई नीति नहीं बनाई जा रही है।



सिरसा। सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### हड़ताल में हिस्सा लेंगे

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव व जिला प्रधान अशोक सैनी व जिला सचिव ओमप्रकाश माल ने कहा कि आने वाली 12 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे हरियाणा का कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शिरकत करेगा, जिसमें आंदोलनों को दिशा देने वाले बिजली के कर्मचारी नए श्रम कानूनों पर विरोध दर्ज करवाएंगे, क्योंकि केंद्र की सरकार की नीतियां कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है, जिसकी आधारशिला ये चार नए श्रम कानून है। धरने में लोकेश कुमार, संजीव ढांडा, सुबेसिंह कादियान, अशोक नेहरा, दिलीप सोनी, राजेश सांगवान आदि मौजूद रहे।

## पाइपलाइन की जांच के लिए पहुंची विजिलेंस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के धर्मशाला रोड पर करीब 5 साल पहले डाली गई बरसाती पानी की पाइपलाइन की जांच के लिए सोमवार को विजिलेंस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच टीम में विजिलेंस विभाग के एसडीओ ध्रुव कुमार, एएसआई कुलदीप कुमार, फतेहाबाद विजिलेंस विभाग और पब्लिक विभाग के एसडीओ आंचल जैन शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। दुकानदारों का आरोप है कि बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डाली जानी थी, लेकिन विभाग ने लापरवाही बरतते हुए सीवर लाइन डाल दी, जिससे आज तक जलभराव की समस्या बनी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि बरसात के दौरान सडक़ पर पानी भर जाता है और कई बार हालात बेहद खतरनाक हो जाते हैं। इसी समस्या के चलते कुछ समय पहले सडक़ पर जलभराव के दौरान एक युवक की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।



फतेहाबाद। दुकानदारों से बातचीत करते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### लंबे समय से विवाद


यह मामला पहले भी कई बार मीडिया की सुर्खियों में रहा है और लंबे समय से विवाद का विषय बना हुआ है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ही विजिलेंस विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा गया। इस मौके पर राधेश्याम सोनी, राजेंद्र प्रसाद, परम अरोड़ा, जोगिंदर बबलू सहित अन्य दुकानदार भी मौजूद रहे। दुकानदारों ने मांग की कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाए और सही तरीके से बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह की जान-माल की हानि न हो।

## महिलाओं के गहने चोरी का खुलासा

- दो महिलाएं गिरफ्तार, 15 सोने की बालियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर में श्री खाटू श्याम मंदिर फतेहाबाद की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा के दौरान महिलाओं के कानों से सोने की बालियां चोरी करने के मामले का शहर फतेहाबाद पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में बस अड्डा पुलिस चौकी की टीम ने दो महिलाओं को काबू किया गया है, जबकि वारदात में संलिप्त दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान सोनी पत्नी बबलु तथा रेशमा पत्नी कर्ण निवासी राजनगर टोहाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 15 सोने की बालियां बरामद की गई हैं। बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित कुमार ने बताया कि यह मामला भागवन्ती देवी पत्नी राधेश्याम निवासी शिव नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था।



फतेहाबाद। बालियां चुराने के मामले में गिरफ्तार दोनों महिलाएं।

## 23.89 लाख रुपये की धोखाधड़ी में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शेयर बाजार में निवेश एवं आईपीओ में अधिक मुनाफा दिलाने के नाम पर की गई लाखों की साइबर ठगी के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान कमलेश कुमार कुमावत निवासी अमराबुल की ढाणी, गांव नौरंगपुरा, जिला जयपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि यह मामला साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप ए-48 नादिर वर्मा लर्निंग नॉलेज एंड बुक रिलीज में जोड़ा गया, जहां लाभ कमाने का लालच देकर राशि स्थानांतरित करवाई गई।

*आरोपी के कब्जे से 12 हजार रुपये नगद बरामद किए*



पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## अनाज मंडी के पास स्थित भवन को लेकर प्रशासन ने जारी किया पत्र

# जाखल मार्किट कमेटी का कार्यालय कंडम घोषित, 55 वर्ष बाद होगा पुन निर्माण कार्य

*जर्जर हालत और सुरक्षा जोखिम बना कारण*

हरिभूमि न्यूज ⏭जाखल

शहर की अनाज मंडी के नजदीक बना मार्किट कमेटी कार्यालय को अब प्रशासन ने कंडम घोषित कर इसे आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है। बता दे की इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य आज से लगभग 55 वर्ष पहले किया गया था। अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार इस पुराने कार्यालय को तोडकर नए भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा। गौरतलब है की 55 वर्ष पहले बना यह कार्यालय इन दिनों पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी थी, जिसके चलते उच्च अधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों की माने तो सुरक्षा कारणों की वजह से इसे कंडम घोषित करने का आधिकारिक पत्र जारी किया है। इस बिल्डिंग के कई कमरों की हालत बेहद खराब थी। अब मार्किट कमेटी प्रशासन इस बिल्डिंग को तोडऩे को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा, जिसके बाद इस बिल्डिंग को ध्वस्त किया जाएगा।



जाखल। कंडम घोषित मार्किट कमेटी कार्यालय।

### क्या कहते है सचिव

भवन की खस्ता हालत को देखते हुए प्रशासन ने किसान रेस्ट हाउस को छोडक़र बाकी पूरी बिल्डिंग को कंडम घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग को तोडऩे के लिए जल्द ही टेंडर जारी कर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कार्यालय को एक बार अस्थायी तौर पर किसी अन्य जगह पर ले जाने के लिए अभी तक कोई आधिकारिक पत्र जारी नहीं हुआ है।

-विकास कुमार, सचिव मार्केट कमेटी जाखल

### 1970 में हुआ था बिल्डिंग का निर्माण

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार व जाखल मार्किट कमेटी कार्यालय में लगे नींव पत्थर के अनुसार इस भवन का निर्माण वर्ष 1970 में तत्काल में श्रम एवं रोजगार मंत्री रहे हरपाल सिंह द्वारा किया गया था। इस इस बिल्डिंग के निर्माण कार्य को हुए 55 वर्ष का समय हो चला था, जिसके चलते यह बिल्डिंग पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी थी।



वैलेंटाइन-डे विशेष

वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्राय: रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

# स्त्री के लिए प्रेम के मायने

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाती है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में वह प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक है:** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्व:** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन प्रेम में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहती है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदान:** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



### जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

आज आवश्यकता इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।

**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।



**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्ट:** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यान:** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उनका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड

दीपिका शर्मा

आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।



**निकटता बनाती है आकर्षक:** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।



**इस नए ट्रेंड के फायदे:** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपैटेबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भी:** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

मेकअप

निधि गोयल

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीन:** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूज:** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशर:** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअप:** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटर:** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुक:** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।



**कस्टमाइज ज्वेलरी:** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।

**फोटो एल्बम या फोटो कोलाज:** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।



**हैंड रिटेन लैटर:** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्स:** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्स:** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### बाबा ब्रह्मदास महाराज से लिया आशीर्वाद

**सिरसा।** विश्व चैंपियन भारतीय शूटिंग बाल महिला टीम के कोच मुकेश कंबोज ने डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबात ब्रह्मदास से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कोच व पूरी भारतीय महिला टीम को आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियों ने अपनी मेहनत से देश का सिर गर्व से ऊंचा का दिया है। उन्होंने युवाओं व बेटियों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहे, गलत संगत से दूर रहकर अपने गुरुओं द्वारा दी गई शिक्षाओं पर अमल कर देश सेवा में समर्पित होने का आह्वान किया। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि देश सेवा में समर्पित होकर दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनो।

### रास्ता पूछने के बहाने हमला करने वाला काबू

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव कैरावांली में रात्रि के समय स्कोर्पियो सवार व्यक्तियों द्वारा अवैध हथियारों से हमला करने के मामलें एक अन्य व्यक्ति को सीआईए सिरसा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ह। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि कैरांवाली निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दि शिकायत में बताया कि बीती रात्रि को कुछ अज्ञात युवकों ने उसके घर का गेट खट-खटाया गेट की आवाज सुनकर पीड़ित व्यक्ति गेट खोला तो बाहर स्कोर्पियो गाड़ी खड़ी दिखाई दी। गाड़ी के बाहर खड़े व्यक्तियों ने कहा कि हमें माखोसरानी जाना है आप हमें गांव माखोसरानी का रास्ता बताएं।

### मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता

**सिरसा।** दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा देने में सहायक साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये तक सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की आयु 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए। परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता की स्थिति में घटना की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदन करना होगा।

### 132 केवी सब स्टेशन का किया शैक्षिक भ्रमण

**ओढां।** चौधरी देवीलाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पन्नीवाला मोटा के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया है। विभाग द्वारा आयोजित इस औद्योगिक दौरे में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के 40 छात्रों और 2 संकाय सदस्यों ने 132 केवी सब स्टेशन ओढां का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान छात्र प्रायोगिक स्तर पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के बारे में जानेंगे, जिनमें एसएफ-6 सर्किट ब्रेकर, वैक्यूम सर्किट ब्रेकर, एयर सर्किट ब्रेकर, बुचहोल्ज रिले, ट्रांसफार्मर सुरक्षा, लाइटनिंग अरेस्टर और उनके उपयोग की विभिन्न प्रकार की यांत्रिकी सीखना महत्वपूर्ण हैं।

## राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में 'वार्षिक प्रतिभा तरंग' कार्यक्रम

# शिक्षा व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम : डीपी वत्स

विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का किया प्रदर्शन





**फतेहाबाद।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं और मुख्यअतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य।

- मुख्य अतिथि के रूप में एएफएमसी पुणे के पूर्व निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में 'वार्षिक प्रतिभा तरंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एएफएमसी पुणे के पूर्व निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी.पी. वत्स ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल डी.पी. वत्स ने कहा कि शिक्षा केवल उज्ज्वल भविष्य की नींव ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा, छात्रों का विजन ग्लोबल होना चाहिए और जीवन नैतिकता से भरा हो। केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि संगीत, नृत्य, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी समान प्रयास करें, क्योंकि शिक्षा ही हमें पूर्णता की ओर ले जाती है। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि अनुशासन सफलता की रीढ़ है। उन्होंने जोर दिया कि जो छात्र अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हैं, वे निश्चित रूप से सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं। विशिष्ट अतिथि और चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने विद्यालय से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि वे इस संस्था के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय ने अनेक प्रतिभाओं को तराश कर शिखर तक पहुंचाया है।

#### विद्यार्थियों को सम्मानित किया

कार्यक्रम के कुशल सूत्रधार और विद्यालय प्राचार्य शिक्षाविद् हरविंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षक की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, शिक्षक छात्रों के लिए माता-पिता के समान है। शिक्षक स्वयं को ज्ञान की भट्ठी में जितना तपाएगा, उतना ही बेहतर ज्ञान वह विद्यार्थियों को दे पाएगा, जिससे उनके जीवन में चहुंओर सफलता आएगी। प्राचार्य हरविंद्र सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कई स्कूलों के प्रिंसिपल, लेक्चर और पूर्व प्रिंसिपल एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर ठगी के मामले में दो काबू

### टेलीग्राम के माध्यम से दिया लालच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टेलीग्राम के माध्यम से पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर की गई साइबर ठगी के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान विनय शर्मा पुत्र ईश्वर दत्त तथा दीपेश पुत्र रणवीर सिंह निवासी थाना अटेली, जिला महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 10-10 हजार रुपये नगद तथा एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि यह मामला साइबर पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता प्रमोद पुत्र बनवारी लाल निवासी गांव बोस्ती, जिला फतेहाबाद ने कहा था कि उसे टेलीग्राम के माध्यम से पार्ट-टाइम नौकरी का लिंक भेजा गया, जिसमें होटल, रेस्टोरेंट व दुकानों को ऑनलाइन पाँच-स्टार रेटिंग देने के बदले रुपये देने का लालच दिया गया। शिकायत के अनुसार प्रारंभ में शिकायतकर्ता के खाते में छोटी राशि भेजकर उसे विश्वास में लिया गया। इसके पश्चात अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग टास्क के नाम पर यूपीआई माध्यम से रकम जमा करवाई गई।

## रास्ता रोककर किया हमला पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान रोहित उर्फ कालिया पुत्र अर्जुन, मोहित पुत्र रूड़ा राम तथा सुनील उर्फ गोलू पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव आकांवाली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि इस बारे आत्माराम पुत्र राजु निवासी गुलरवाला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि उसके दोस्त सुदामा पुत्र वजीरचंद निवासी गुलरवाला की शादी तय होने के कारण वह 6 फरवरी को डीजे बुक कराने गांव आकांवाली गया हुआ था। शाम को टोहाना रोड पर डीजे की दुकान के सामने आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार इससे पूर्व भी आरोपियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी एवं झगड़ा हो चुका था, जिसकी रंजिश आरोपियों के मन में बनी हुई थी।

## सेशन जज प्रदीप मोदी पहुंचे अग्रोहा धाम, विधिवत दर्शन कर जताई आस्था

- जयपुर से अग्रोहा धाम आगमन पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सेशन जज प्रदीप मोदी का स्वागत करते नेहा मित्तल व अन्य।

जयपुर से सेशन जज प्रदीप मोदी परिवार सहित अग्रोहा धाम में दर्शनों के लिए पहुंचे। उनकी धर्मपत्नी योगिता मोदी तथा पुत्री साजन्या मोदी भी उनके साथ थे। अग्रोहा धाम पहुंचने पर राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की महिला जिला अध्यक्ष नेहा मित्तल तथा अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल व उनकी टीम ने पटका पहना कर उनका स्वागत किया। सेशन जज प्रदीप मोदी ने सबसे पहले परिवार सहित माता लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी, माता सरस्वती के दर्शन किए। साथ ही उन्होंने तिरुपति बालाजी, माता वैष्णो देवी की गुफाओं, रामेश्वर धाम तथा विशालकाय हनुमान जी के भी दर्शन किए। इन पावन दर्शनों से उनका मन अत्यंत प्रफुल्लित हो उठा और उन्होंने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की।

### सीईओ ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर मे जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने आमजन की शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नागरिक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

## श्याम भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

### गुरुकृपा सेवा मंडल ने होली उत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** श्याम भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

गुरुकृपा सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा होली उत्सव का आयोजन अंजलि कॉलोनी ग्रीन पार्क में किया गया। उर्मिल आनंद और खेमचंद आनंद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में श्याम प्रेमियों ने भाग लिया। आनंद परिवार ने ज्योति प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना की। ममता मेहता ने सुंदर भजनों के साथ सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्याम भक्त वंश ने अपनी आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने होली के सुंदर भजनों से सभी को सराबोर किया। 'श्यामा होली खेलन आइया तेरिया सालिया वे, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, आज ब्रिज में होली रे रसिया, नी में नाचना श्याम दे नाल' आदि भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मंजू चोपड़ा, भारत टुटेजा, उर्मिल आनंद, खेमचंद आनंद, सार्थक, ममता मेहता, तूफान, वंश, किरण आदि मौजूद रहे। उसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने भारत टुटेजा व गुरुकृपा मंडल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उसके बाद श्याम बाबा की आरती की गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## जेसीबी सौदे में धोखाधड़ी करने पर दूसरे आरोपी को दबोचा

### 25 लाख में मशीन लेने का दिलाया था भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जेसीबी मशीन के सौदे के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान लोकिंदर सिंह उर्फ लोकी पुत्र दविंदर सिंह निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला मंजूद अहमद डार पुत्र मोहम्मद शफी डार निवासी जिला गांदरबल, जम्मू-कश्मीर की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास जेसीबी मशीन है, जिस पर एचडीएफसी बैंक का लोन चल रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों राजू पुत्र रमेश चंद निवासी भोडिया खेड़ा/स्वामी नगर, फतेहाबाद तथा राजवीर कौर पत्नी सोनू निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद ने आपसी मिलीभगत से जेसीबी मशीन खरीदने का सौदा तय किया और 25 लाख रुपये में मशीन लेने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने बैंक की किश्तें क्लियर कर एनओसी दिलवाने का भी आश्वासन दिया। इस विश्वास में आकर शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तिथियों में बैंक ट्रांसफर, गूगल पे एवं नकद के माध्यम से आरोपियों को बड़ी राशि दी, लेकिन न तो जेसीबी मशीन ली गई और न ही भुगतान की राशि वापस की गई।

## बीएलए-1 व बीएलए-2 फॉर्म के माध्यम से होगा एजेंटों का चयन

### चुनाव आयोग के निर्देशों पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना में सोमवार को नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव गुप्ता ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अवगत कराया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्रत्येक दल अपने अध्यक्ष/सचिव अथवा अधिकृत पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म आईडी बीएलए-1 में जिला प्रतिनिधियों को अधिकृत करेगा। इसके उपरांत बीएलए-1 द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए फॉर्म आईडी बीएलए-2 में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जाएंगे। नगराधीश ने कहा कि बीएलए संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता होना चाहिए, ताकि संशोधन अवधि के दौरान ड्राफ्ट रोल की जांच तथा मृत व स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान की जा सके।

## लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में आरोपी काबू

### 5 लाख का लोन दिलाने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोन दिलाने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के एक मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान वीरेंद्र कुमार पुत्र मान सिंह निवासी गांव धारनियां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता धर्मपाल पुत्र जगदीश निवासी गांव धारनियां, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा था कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है। करीब ढाई से तीन महीने पहले उसके चाचा के लडक़े वीरेंद्र ने फोन कर आधार कार्ड व पैन कार्ड के आधार पर 5 लाख रुपये का लोन दिलाने का भरोसा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार वीरेंद्र उसे जाट धर्मशाला फतेहाबाद ले गया, जहां उसकी मुलाकात कर्ण नामक व्यक्ति से करवाई गई। कर्ण ने लोन प्रक्रिया के नाम पर शिकायतकर्ता से आधार कार्ड, पैन कार्ड व मोबाइल फोन लिया तथा सिम कार्ड अपने मोबाइल में डालकर ऑनलाइन प्रक्रिया की। कुछ समय पश्चात शिकायतकर्ता को लोन की किस्तों से संबंधित संदेश प्राप्त होने लगे, जबकि उसे कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी।

## सीवरेज समस्या के समाधान की मांग

### एसोसिएशन सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मॉडल टाऊन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

मॉडल टाऊन में सीवरेज समस्या के समाधान को लेकर मॉडल टाउन रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल आज अध्यक्ष सतपाल मंगला की अगुवाई में एसडीएम सुरेंद्र सिंह से मिला और ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में शामिल विनोद जैन, अशोक गर्ग, रामकुमार मेहता, सुरेश मंगला, अमित गोयल, एडवोकेट भीम सेन आदि ने बताया कि मॉडल टाउन रतिया की सीवरेज पानी की समस्या का अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है। अध्यक्ष सतपाल मंगला ने बताया कि पहले मॉडल टाउन में सीवरेज ओवरफ्लो होने से गंदा पानी गलियों में फैल जाता था जिसको लेकर पब्लिक हेल्थ, हुडा व नगर पालिका के अधिकारी सफाई व्यवस्था का जिम्मा एक दूसरे पर डाल देते थे। इससे परेशान होकर मॉडल टाउन निवासियों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की थी। इसके बाद एक वर्ष पूर्व 2 जनवरी को उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ विभाग को मॉडल टाउन की सीवरेज पानी की समस्या हल करने के अस्थाई आदेश दिए थे और कहा था कि जल्द इस मसले का स्थाई समाधान भी निकाला जाएगा लेकिन अभी तक हरियाणा सरकार द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया गया।

## पुलिस कर्मचारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# वातावरण स्वच्छ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

जिला पुलिस द्वारा सोमवार को थाना, चौकियों सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रमदान के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसरों की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश देना भी था। सफाई अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा थाना परिसरों में उगी अनावश्यक घास व झाडय़ों को काटा गया तथा लंबे समय से पड़े पुराने कचरे को हटाया गया। इसके साथ-साथ कार्यस्थलों की व्यवस्थित ढंग से साफ-सफाई की गई। इस सामूहिक प्रयास से पुलिस परिसरों की सुंदरता में वृद्धि हुई है और कर्मचारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

#### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का होता है निवास

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रमदान महादान है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने बताया कि नियमित साफ-सफाई से कार्यस्थल बेहतर बनता है और यह अनुशासन एवं जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जहां भी रहते या कार्य करते हैं, वहां के वातावरण को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन से अपील की कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

खबर संक्षेप

## आईटीआई छात्र से मिले बसपा पदाधिकारी

**सिरसा।** बसपा जिला अध्यक्ष रामधन ने बताया कि गांव ढुढियांवाली निवासी आईटीआई छात्र पंकज पुत्र प्रभुराम पर दर्जनों असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया। इस हमले में युवक के दोनों हाथ व दोनों टांगें बुरी तरह तोड़ दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि घटना को सात दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## शैक्षणिक एवं दिव्यांग सेवा समिति ने की बैठक

**सिरसा।** खारियां शैक्षणिक एवं दिव्यांग सेवा समिति की ओर से बौद्धिक अक्षमता एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की सहायता को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आशा कार्यकर्ताओं एवं आरसीआई रजिस्टर्ड दिव्यांग मित्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक में दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण और पुनर्वास को लेकर कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार, पुनर्वास पेशेवर ने विस्तार से अपनी बात रखी। वहीं मुख्य वक्ताओं के रूप में कोमल, संस्थान प्रभारी, वीरपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## सैनी सभा कार्यकारिणी का जल्द होगा विस्तार

**सिरसा।** सैनी सभा ट्रस्ट की बैठक सोमवार को सैनी सभा कार्यालय में हुई। बैठक में ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों जैसे ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार करना व नए शैड का निर्माण सहित कई कार्यों को सहमति से पास किया गया। सभा प्रधान नरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि सभा द्वारा समाज उत्थान के लिए समाजहित में भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के कार्य जारी रहेंगे। इस मौके पर विजय सैनी कोषाध्यक्ष, उप प्रधान विशाल सैनी, सचिव अमीचंद सहित अन्य मौजूद रहे।

## एनएसपी पोर्टल पर समीक्षा बैठक हुई

**फतेहाबाद।** एनएसपी पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु सोमवार को नगराधीश गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवेदन सत्यापन की स्थिति, दस्तावेजों की कमी, बैंक विवरण में त्रुटियां तथा संस्थान स्तर पर लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। नगराधीश गौरव गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## अस्पताल में मरीजों को बांटा पौष्टिक आहार

**फतेहाबाद।** पूर्ण सोसायटी की टीम ने महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ठाकुर भवानी सिंह के साथ नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में रह रहे युवाओं से मुलाकात की तथा उन्हें पौष्टिक आहार वितरित कर उनका हौंसला भी बढ़ाया। सदस्यों ने अस्पताल के सभी वार्डों में दर्जनों मरीजों को पौष्टिक आहार वितरित कर उनके जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की। वहीं नशा मुक्ति वार्ड में युवाओं को विशेष रूप से मोटिवेट किया गया। इसके अलावा स्लम बस्ती में भी बच्चों को पौष्टिक आहार बांटा। इस अवसर पर फतेहाबाद युनिट की प्रधान पायल चक्रवर्ती व अन्य मौजूद रहे।

## बालाजी के सत्संग में श्रद्धालु भावविभोर

**सिरसा।** श्री बालाजी पैदल यात्रा परिवार संघ की तरफ से अरदास भक्ति ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। संघ सदस्यों ने इस दौरान बाबा के भजनों की अमृतवर्षा की। सदस्यों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सांवरियों बैठ्यो है, जो लेनो है सो मांग लो, आसरो बाला जी म्हाने थारो... सहित अनेक भजन सुनाए, जिसपर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। इसके अलावा बाबा की धमाल पर भी श्रद्धालुओं ने नाच गाकर कीर्तन का आनंद उठाया। 12 फरवरी को फाल्गुन के उपलक्ष्य जत्था रवाना होगा।

### चंडीगढ़ रोड जाम कर की नारेबाजी

# टोहाना में सीवरेज ओवरफ्लो होने से फूटा लोगों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना


टोहाना। दुकानों के बाहर खड़ा सीवरेज का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

शहर के चण्डीगढ़ रोड पर ठप्प सीवरेज व्यवस्था व गंदे पेयजल सप्लाई से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को शहर के ऑटो मार्केट क्षेत्र के लोगों ने चंडीगढ़ रोड पर जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया। समस्या को लेकर लोगों में इतना आक्रोश था कि उन्होंने विभाग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह जाम को नहीं खोलेंगे। करीब एक घंटे तक रोड रहने से यातायात पूरी तरह अवरूद्ध हो गया। जाम की सूचना मिलते ही जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दीपक कुमार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

इससे पूर्व प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सीवरेज व्यवस्था ठप्प पड़ी है और सीवरेज का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सडक़ों पर बह रहा है। सीवरेज का पानी दुकानों के बाहर जमा होने से उनका काजकाज भी प्रभावित हो रहा है।

**1** जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोला

**2** लोग बोले-गंदे पानी की सप्लाई से परेशान हो रहे शहरवासी

गंदा पानी के कारण उठ रही दुर्गंध से जहां उनका अपने घरों व दुकानों में बैठना मुश्किल हो गया है वहीं गंदा पानी जमा रहने से बीमारियां फैलने का भी खतरा है। लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दूषित पेयजल समस्या से भी लोग जूझ रहे हैं। घरों में पीने के पानी में भी गंदा पानी मिलकर आ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है लेकिन विभाग उनकी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा। जनप्रतिनिधि भी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। ऐसे में आज उन्हें रोड जाम कर अपनी आवाज अधिकारियों तक पहुंचानी पड़ी है। मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दीपक ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा। अधिकारी के आश्वासन पर लोगों ने जाम खोला, साथ ही चेतावनी दी कि अगर अब भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह दोबारा रोड जाम कर देंगे।

# रतिया में बस स्टैंड पर सोने का कड़ा काटने की आरोपी महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

बस स्टैंड रतिया पर सोने का कड़ा काटकर चोरी करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान जीतों बाई उर्फ गुलाबो पत्नी मिथु सिंह निवासी बरनाला, पंजाब के रूप में हुई है।

### लोहे का कटर बरामद

पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से चोरी किया गया कटा हुआ सोने का कड़ा तथा वारदात में प्रयुक्त लोहे का कटर बरामद किया है। थाना शहर रतिया की प्रभारी पुष्पा ने बताया कि इस बारे सुनील कुमार निवासी गांव लाली, ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 8 फरवरी दोपहर को वह रतिया बस स्टैंड से फतेहाबाद जाने के लिए बस में चढ़ रहा था। इसी दौरान एक महिला ने भीड़ का फायदा उठाते हुए उसके हाथ में पहना हुआ सोने का कड़ा लोहे के कटर से काटकर चोरी कर लिया। शिकायतकर्ता को शक होने पर उसने मौके पर ही महिला को पकड़ लिया तथा तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को काबू कर थाना शहर रतिया लाया गया। थाना में नियमानुसार तलाशी के दौरान आरोपी महिला के कब्जे से कटा हुआ सोने का कड़ा तथा एक लोहे का कटर बरामद किया गया।


फतेहाबाद। चोरी करने के मामले में गिरफ्तार महिला।

## सेशन जज ने किया जेल का निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने सोमवार को स्थानीय जिला जेल का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जिला जेल परिसर में स्थित विभिन्न कारखानों का निरीक्षण किया। इनमें सरसों के तेल का कोलू, वेल्डिंग वर्क्स, बेकरी, पेट्रोल पंप तथा कारपेंटर वर्कर्स शामिल रहे। उन्होंने इन इकाइयों में चल रही गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल प्रशासन को सभी कारखानों एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।


सिरसा। जिला जेल का निरीक्षण करते सेशन जज। फोटो : हरिभूमि

# एपेक्स कॉन्वेंट में स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन

- छात्रों का समग्र मूल्यांकन कर आगे बढ़ने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिभा-आधारित मूल्यांकन को केंद्र में रखते हुए एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद द्वारा विद्यालय परिसर में अपेक्स सर्च फॉर टेलेंट इन अकैडमिक्स यानि एएसटीए-26 स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य उमंग कक्कड़ ने कहा कि एएसटीए-26 परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन केवल अंकों तक सीमित न होकर उनकी समझ, सोच और विश्लेषण क्षमता के आधार पर किया जाता है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता को पहचानकर उन्हें उचित दिशा प्रदान की जा सके। इस परीक्षा में कक्षा पहली से 11वीं तक प्रवेश के इच्छुक लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा की संरचना इस प्रकार तैयार की गई थी कि विद्यार्थियों का आकलन केवल पाठ्यज्ञान तक सीमित न रहकर अन्य चीजे भी महत्वपूर्ण है।


फतेहाबाद। विद्यार्थियों को संबोधित करते स्कूल डायरेक्टर अमित मक्कड़।

## बुढ़ापा पेंशन पर लगाई जा रही शर्तें अमानवीय

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता (बुढ़ापा पेंशन) को फैमिली आईडी, आय सत्यापन और बिजली के बिल जैसी शर्तों से जोडक़र रोके जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे बुजुर्गों के साथ अन्याय और अमानवीय व्यवहार करार दिया है। सोमवार को मीडिया को जारी आज एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के अनेक बुजुर्ग, जो वर्षों से पेंशन प्राप्त कर रहे थे, आज केवल तकनीकी और कागजी कारणों से अपनी पेंशन से वंचित हो रहे हैं। कभी फैमिली आईडी में त्रुटि, कभी आय का सत्यापन, तो कभी बिजली बिल का बहाना बनाकर पेंशन रोक दी जाती है, जिससे बुजुर्गों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

# नागपुर, हुकमावाली और हड़ौली में विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार

- विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह से हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार, हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे 30 दिवसीय राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान के तहत विभिन्न गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष योग सहायकों के प्रयासों से 12 जनवरी से शुरू हुआ यह अभियान न केवल शहरों, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम बन गया है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वजीत जांगड़ा के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने आज जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने नागपुर, हुकमावाली और हड़ोली के राजकीय विद्यालयों में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार के 12 चरणों का अनुशासित अभ्यास किया। योग सहायक अनिल कुमार ने भी टिप्स दिए।


फतेहाबाद। विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाते आयुष योग सहायक।


सिरसा। मरीजों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

## 231 नेत्र रोगियों की जांच, 51 का होगा ऑपरेशन

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आपरेशन का 278 वां निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि कैम्प में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रवीण अरोड़ा व डा. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के साथ 231 नेत्र रोगियों की जांच की। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 51 जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क आपरेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 80 मरीजों की मधुमेह जांच के साथ सभी नेत्र रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में भूप सिंह गहलोत, डा. राज कुमार गुप्ता, अंबर अरोड़ा, सुरेश गोयल, महेश कुमार उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों ने कपालभाति, त्रिबंद सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया

- राजकीय महाविद्यालय मिठी सुरेरां में योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

राजकीय महाविद्यालय मिठी सुरेरां में एसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के थीम यूथ फॉर माई भारत और यूथ फॉर सतत विकास के अंतर्गत तीसरे दिन की शुरूआत योग कक्षा के साथ की गई। योग प्रशिक्षक नीरज कटारिया ने योग का महत्व बताते हुए एनएसएस के बच्चों को कपालभाति, त्रिबंद, अनुलोम विलोम व सूर्य नमस्कार आदि का प्रशिक्षण भी दिया। योग सत्र के उपरांत फायर ब्रिगेड ऐलनाबाद की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में फायर ब्रिगेड टीम के अमित सिंह, रमेश हरड़ू एवं सुनील गुज्जर ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की विधि का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर के विभिन्न प्रकारों एवं उनके सही उपयोग की जानकारी विस्तार से दी गई।



सिरसा। योग करते विद्यार्थी व शिक्षक।

## तीन दिवसीय अंग्रेजी कार्यशाला शुरू

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग सिरसा में सोमवार को कक्षा आठवीं के अंग्रेजी विषय से जुड़ी शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आरम्भ हो गया है। प्रवक्ता डा. विनोद कुमार ने बताया कि कार्यशाला के प्रथम दिन आईएफआईसी विंग प्रभारी चंद्र प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक सूरज दुग्गल और विषय विशेषज्ञ दलीप सिंह ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। डा. राजेश खुराना ने उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को पारंपरिक रटंत पद्धति से आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों की सोचने, समझने, विश्लेषण करने और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने में सक्षम बनाना है। वहीं डा. सोमप्रकाश ठकराल ने कहा कि कंपिटेंसी-बेस्ड लर्निंग कक्षा की तस्वीर बदलने का काम करेगी।


सिरसा। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक।

### एमएम महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया

*कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने बतौर मुख्य अतिथि किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित यह शिविर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा-निर्देशानुसार आगामी 13 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रेडक्रॉस के मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे जिला बाल संरक्षण अधिकारी ब्रजेश कुमार ने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कॉलेज यूथ रेडक्रॉस क्लब के इंचार्ज पुनीत सहारण ने अतिथियों का स्वागत किया और पांच दिनों तक चलने वाली गतिविधियों का विस्तृत खाका पेश किया।



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शपथ लेते विद्यार्थी।

### रक्तदान का महत्व बताया

शिविर के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, आपदा प्रबंधन, रक्तदान जागरूकता, स्वास्थ्य और स्वच्छता सहित अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। प्राथमिक सहायता प्रशिक्षक संतोष सेवदा ने प्राथमिक चिकित्सा के गुर सिखाए, जो आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा, फस्ट एड केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक नागरिक का कर्तव्य है। आपका थोड़ा सा ज्ञान किसी के परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी से सहायक सचिव रवि हुड्डा, जीआरसी नोडल अधिकारी कृष्ण कुक्कड़, कोर्डिनेटर अंजू रानी, सुपरीडेंट सुरेन्द्र चुघ, सुनील भाटिया भी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. जनक रानी ने कहा कि यह शिविर न केवल विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा में निपुण बनाएगा, बल्कि उनमें परोपकार और सेवा की भावना भी विकसित करेगा।

## दौलतपुर रोड पर लगे थे भांग के पौधे, नष्ट किए

**फतेहाबाद।** शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ला क्षेत्र में चल रही नशामुक्त मुहिम को ध्यान में रखते हुए दौलतपुर रोड, फतेहाबाद पर अवैध रूप से उगे भांग के पौधों को चिन्हित कर उन्हें नष्ट करवाया है। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दौलतपुर रोड के आसपास खाली स्थानों पर बड़ी संख्या में भांग के पौधे उगे हुए हैं, जिनका दुरुपयोग नशीले पदार्थों के रूप में किया जा सकता है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित विभाग के सहयोग से भांग के पौधों पर खरपतवार नाशी दवाई का छिडक़ाव करवाया गया, जिससे पौधों को पूरी तरह नष्ट किया जा सके। चौकी प्रभारी ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में नशीले पदार्थों की संभावित आपूर्ति को जड़ से समाप्त करना है, ताकि युवा वर्ग को नशे की लत से बचाया जा सके। पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध खेती या नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियां पनपने न पाएं।


फतेहाबाद। भांग के पौधों पर दवा का छिडक़ाव करवाते पुलिस कर्मचारी।